उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26301/07/2024–25
दिनांक : 07 सितम्बर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों/बैठक में शामिल होने वाले प्रतिभागियों हेतु होटल में कमरों की आवश्यकता लेने हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित होटलों आदि की सेवायें उपलब्ध कराने वाली ऐजेन्सीज से दिनांक 25 सितम्बर, 2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक दो बोली प्रणाली में निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना परिषद (यूकॉस्ट) की वेबसाइट www.ucost.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा सूचना को उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रभारी–प्रशासन**

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26301/07/2024–25/
दिनांक : 07 सितम्बर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा ***संलग्न ऐनेक्जर–क*** में वर्णित विवरणानुसार होटल के कमरों की सेवाओं हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित होटल आदि की सेवायें उपलब्ध कराने वाली ऐजेन्सीज से **दो बोली प्रणाली में (in two bid system)** निम्नवर्णित नियमों और शर्तों (terms & condition) पर 01 वर्ष की अवधि हेतु, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है, मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं:–

1. निविदादाता प्रस्तावित होटल सेवायें उपलब्ध कराने हेतु पंजीकृत होने चाहिये। तकनीकी बोली (technical bid) के साथ सम्बन्धित दस्तावेज की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपि** संलग्न की जाये।

2. श्रेणी 4 Star and 3 Star वाले होटल का 03 वित्तीय वर्षों 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24, के दौरान न्यूनतम वार्षिक टर्न ओवर रू. 1,00,00,000 (रूपये एक करोड़ मात्र) होना चाहिये। सामान्य श्रेणी के होटल का एक वर्ष, 2023–24 का टर्नओवर रू. 25,00,000 (रूपये पच्चीस लाख मात्र) होना चाहिये। टर्न ओवर की **चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियाँ** निविदा के साथ संलग्न की जानी चाहियें।

3. श्रेणी 4 Star and 3 Star वाले होटल का पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 की आयकर निर्धारण आदेशों/आयकर रिटर्न्स की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ** निविदा के साथ संलग्न की जायें। सामान्य श्रेणी के होटल का एक वर्ष, 2023–24 का आयकर निर्धारण आदेशों/आयकर रिटर्न्स की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ** निविदा के साथ संलग्न की जायें।

4. निविदादाता के पास सरकारी विभागों/निगमों/स्वायत्तशासी संस्थानों को प्रस्तावित होटल की सेवायें उपलब्ध कराने का अनुभव होना चाहिये। सम्बन्धित अनुभव प्रमाणपत्रों की **स्वप्रमाणित प्रतिलिपि** निविदा के साथ संलग्न की जायें।

5. प्रत्येक श्रेणी में तीन होटल की दरों पर विचार किया जायेगा। आवश्यकता एवं श्रेणी के अनुसार होटल की सेवायें ली जायेंगी। प्रथम निम्न दर के पश्चात द्वितीय निम्न दर एवं तृतीय निम्न दर से सम्पर्क स्थापित किया जायेगा।

6. निविदा के साथ रू. 20,000 (रूपये बीस हजार मात्र) की बयाना राशि **(Earnest Money Deposit)** किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में निविदा के साथ लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी।

7. सम्बन्धित सेवायें उपलब्ध कराने हेतु दस्तावेजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी।

8. **नियम व शर्त (term and condition) संख्या '1' से '4' में वर्णित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें। ऐसा न करने पर तकनीकी बोली को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।** निविदा को एक सीलबन्द लिफाफे में रखा जाय जिस पर मोटे अक्षरों में **''होटल सुविधाओं हेतु दिनॉक 25–09–2024 को खोले जाने वाली तकनीकी बोली''** लिखा जाय।

9. निविदादाता द्वारा अपनी वाणिज्यिक बोली दरें **संलग्न ऐनेक्जर–क** पर दी जायें, जिस पर ही निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षर के नीचे मोहर लगायी जाय। वाणिज्यिक बोली को अलग सीलबन्द लिफाफे में जिसके ऊपर मोटे अक्षरों में **''होटल सुविधाओं हेतु वाणिज्यिक बोली''** लिखा जायें।

10. तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली के लिफाफों को एक तीसरे सीलबन्द लिफाफे में लिय पर मोटे अक्षरों में **''होटल सुविधाओं हेतु दिनॉक 25–09–2024 को खुलने वाली निविदा''** लिखा हो, में रखकर रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय।

11. निविदाओं को रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय। **अन्य किसी माध्यम से भेजी गयी निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

12. निविदादाताओं द्वारा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजी गयी निविदायें दिनॉक 25–09–2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक पहुँच जानी चाहियें। प्राप्त निविदाओं को दिनॉक 25–09–2024 को ही अपराह्न में 03:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के सामने खोली जायेंगी।

13. **देरी से प्राप्त या बिलम्बित निविदाओं (late or delayed tenders)** पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचना सुनिश्चित करें।

14. सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू. 25,000/–(रूपये पच्चीस हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 01 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (Term Deposit Receipt) के रूप में जमा करनी होगी। सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक को अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

**15.** महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**संलग्नकः ऐनेक्जर–क**

**प्रभारी प्रशासन**

ऐनेक्जर–क

## होटल की सेवाओं हेतु दरें

| क्र.स. | मद | इकाई | मूल दर प्रति इकाई (रूपये में) | देय जी.एस.टी. (रूपये में) | जी.एस.टी. सहित दर प्रति इकाई (रूपये में) | | श्रेणी न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अकों में | शब्दों में | |
| 1. | अति विशिष्ट अतिथियों हेतु बहुत अच्छी गुणवत्ता के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | 4 Star |
| 2. | विशिष्ट अतिथियों हेतु बहुत अच्छी गुणवत्ता के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | 3 Star |
| 3. | ए.सी. सुविधाओं सहित डबल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | Normal |
| 4. | ए.सी. सुविधाओं सहित सिंगल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | Normal |
| 5. | ए.सी. सुविधाओं सहित न्यूनतम चार अतिथियों के उपयोगार्थ डोरमिटरीज। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | Normal |
| 6. | नॉन–एसी सुविधाओं सहित डबल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | Normal |
| 7. | नॉन–एसी सुविधाओं सहित सिंगल बेड के सामान्य श्रेणी के कमरे। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | Normal |
| 8. | नॉन ए.सी. सुविधाओं सहित न्यूनतम चार अतिथियों के उपयोगार्थ डोरमिटरीज। | प्रति कमरा प्रतिदिन | | | | | Normal |

निविदादाता के हस्ताक्षरः–

मुहरः–